**दिनांक –21.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

## ***थाना सरसावा पुलिस की बड़ी सफलता - वांछित चोर/अभियुक्त गिरफ्तार — चोरी के रुपए बरामद***

*सहारनपुर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना सरसावा पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक* ***05.10.2025*** *को वादी श्री सुशील कुमार पुत्र करताराम निवासी ग्राम माजरी कला, थाना सरसावा की तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा उनके घर से अलमारी में रखे* ***नकद रुपए, 02 घड़ियाँ व 01 जोड़ी चाँदी की पायल*** *चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा अपराध संख्या* ***409/2025, धारा 305(ए) बीएनएस*** *पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त* ***अनस पुत्र अनीश निवासी इस्लाम पब्लिक स्कूल के पास, गली नं० 25, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर*** *का नाम प्रकाश में आया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश दिए गए थे। आदेश के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक* ***श्री संजीव कुमार*** *के नेतृत्व में थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा* ***दिनांक 20.10.2025 को अभियुक्त अनस को गिरफ्तार किया गया।*** *अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक* ***विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।***

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*अनस पुत्र अनीश निवासी इस्लाम पब्लिक स्कूल के पास, गली नं० 25, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरणः-***

- ***1200/- रुपये नगद***

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:***

1. *उ0नि0* ***ललित कुमार****, थाना सरसावा सहारनपुर।*
2. *का0* ***बृजेश कुमार (2377)****, थाना सरसावा सहारनपुर।*
3. *का0* ***मोहित कुमार (1996)****, थाना सरसावा सहारनपुर।*

दिनांक –21.10.2025

**-प्रेस नोट-**

# पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स सहारनपुर स्थित शहीद स्थल पर स्मृति परेड का आयोजन किया गया।

➡*जिस में विगत वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस के शहीद हुए निरीक्षक/कम्पनी कमाण्डर स्व० श्री सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी स्व० श्री दुर्गेश सिंह, आरक्षी स्व० श्री सौरभ कुमार के नाम स्मृति परेड में उनको श्रद्धाजली अर्पित करने हेतु पढे एवं जनपद सहारनपुर में नियुक्ति के दौरान दिनांक शहीद 14.10.2011 को बदमाशों से मुठभेड में वीरगति को प्राप्त हुए स्व० आरक्षी ना०पु० बलबीर सिंह गृह जनपद बुलन्दशहर के परिवारजनों को स्मति दिवस की परेड में बुलाया गया।*

➡*श्री अभिषेक सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर, श्री आशीष तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहानपुर द्वारा स्व० आरक्षी ना०पु० बलवीर सिंह के आश्रिता को सम्मान स्वरुप भेंट प्रदान की गयी।*

➡*इस अवसर पर श्री सागर जैन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन्स, श्री व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक नगर, श्री मनोज कुमार यादव, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी एवं जनपद के अन्य उच्चाधिकारीगण व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।*

**दिनांक –21.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# ***महिला सशक्तिकरण फेज 5.0 के तहत कोतवाली नगर, सहारनपुर में “परिवार परामर्श केंद्र एवं शिशु गृह” का शुभारंभ***

*➡□सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक और सराहनीय पहल —*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में चल रहे महिला सशक्तिकरण फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.10.2025 को थाना कोतवाली नगर सहारनपुर परिसर में “परिवार परामर्श केंद्र एवं शिशु गृह” का भव्य उद्घाटन किया गया।*

□ ***कार्यक्रम का शुभारंभ***

*कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम श्री मुनेश चंद एवं महिला सशक्तिकरण फेज 5.0 टीम प्रभारी म0उ0नि0 अंजू सिंह के करकमलों द्वारा किया गया।*

*इस अवसर पर थाना प्रभारी नेमचंद, महिला परामर्श केंद्र की अधिकारीगण एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।*

□□□ ***संवेदनशीलता और अपनापन का संदेश***

*उद्घाटन समारोह में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।*

*क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम महोदय ने बच्चों से आत्मीय वार्ता करते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया।*

*साथ ही बच्चों को चिप्स, बिस्किट, टॉफ़ी, नमकीन पैकेट एवं खिलौने वितरित किए गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान झलक उठी।* □

□ ***कार्यक्रम का उद्देश्य***

*“परिवार परामर्श केंद्र एवं शिशु गृह” की स्थापना का मुख्य उद्देश्य —*

□ *पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान,*

□ *महिलाओं को सामाजिक, मानसिक व कानूनी सहयोग प्रदान करना,*

□ *तथा ज़रूरतमंद बच्चों को सुरक्षित व स्नेहमयी वातावरण देना है।*

-प्रेस नोट-

दिनांक - 21.10.2025

# □ सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई □

# □ थाना जनकपुरी मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा शांति भंग करने वाले 08 अभियुक्त गिरफ्तार □♂□

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जनकपुरी मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम की बड़ी कार्यवाही ।*

*आज दिनांक 21.10.2025 को जनपद सहारनपुर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री परविन्द्र पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जनकपुरी मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान प्रभावी कार्यवाही करते हुए शान्ति भंग में कुल 08 अभियुक्तगण को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता —***

1. *प्रणव शर्मा पुत्र राजेश्वर शर्मा निवासी अमरदीप कॉलोनी थाना जनकपुरी*
2. *सूरज शर्मा पुत्र स्व. दीपक शर्मा निवासी अमरदीप कॉलोनी थाना जनकपुरी*
3. *अंशुल धीमान पुत्र लोकेश धीमान निवासी अमरदीप कॉलोनी थाना जनकपुरी*
4. *निशांत धीमान पुत्र लोकेश धीमान निवासी अमरदीप कॉलोनी थाना जनकपुरी*
5. *विशाल पुत्र संजीव कुमार निवासी गांधी नगर नवादा रोड थाना सदर बाजार*
6. *आकाश पुत्र सतपाल निवासी मौजम्मपुरा जेल चुंगी थाना जनकपुरी*
7. *राधेश्याम सोनकर पुत्र मिश्रीलाल निवासी मौजम्मपुरा जेल चुंगी थाना जनकपुरी*
8. *नितिन सोनकर पुत्र राधेश्याम सोनकर निवासी मौजम्मपुरा जेल चुंगी थाना जनकपुरी*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम —***

□ *उ0नि0 अजय कसाना, थाना जनकपुरी*
□ *उ0नि0 शशांक गिरि, थाना जनकपुरी*
□ *म0उ0नि0 मोनिका यादव, थाना जनकपुरी*
□ *है0का0 सूरज (735), थाना जनकपुरी*
□ *है0का0 मनोज (1281), थाना जनकपुरी*
□ *का0 रोहित कुमार (2052), थाना जनकपुरी*
□ *है0का0 सोहनपाल (502), थाना जनकपुरी*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 21-10-2025

# □♂□□ थाना कुतुबशेर पुलिस की मानवीय पहल □♂□□

## प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह द्वारा नेत्रहीन बच्चों संग मनाई खुशियों की दीपावली □

*आज दिनांक 21.10.2025 को थाना कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर के प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत नेत्रहीन विद्यालय, चंद्र विहार कॉलोनी में बच्चों के साथ दीपावली का त्योहार हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।*

*इस अवसर पर श्री एच0एन0 सिंह द्वारा विद्यालय में उपस्थित नेत्रहीन बच्चों को मिष्ठान (मिठाइयाँ) एवं पटाखे वितरित किए गए। बच्चों ने प्रसन्न होकर दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।*

### □ कार्यक्रम का उद्देश्य

*इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक खुशियाँ पहुँचाना था जो स्वयं तो दुनिया को नहीं देख सकते, परंतु उनकी मुस्कान हर हृदय को रोशन कर देती है।*
*थाना कुतुबशेर पुलिस की यह पहल "खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं" के सन्देश को साकार करती है।*

## □♂□ प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह ने इस अवसर पर कहा —

*"पुलिस केवल कानून व्यवस्था की रखवाली ही नहीं करती, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ संवेदना और आत्मीयता से जुड़ी है। इन बच्चों की मुस्कान ही हमारी सच्ची दीपावली है।"*

*बच्चों को मिष्ठान और पटाखे भेंट किए जाने पर विद्यालय स्टाफ एवं उपस्थित लोगों ने थाना पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना की ।*

दिनांक: **21-10-2025**

-प्रेस नोट-

## □ *मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत — थाना मिर्जापुर मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा सडक पर आते-जाते हुई महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तिया करने वाला 01 मनचल युवक गिरफ्तार*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में **थाना मिर्जापुर मिशन शक्ति एन्टी रोमियो टीम** द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान** के अंतर्गत 21 अक्टूबर 2025 को प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक मनचले युवक को गिरफ्तार किया गया।*

*मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम ने **ग्राम समसपुर नौगावा** में महिलाओं व बालिकाओं/स्कूल के बच्चो की सुरक्षा के दृष्टिगत **समसपुर नौगावा में एक टायर पेन्चर वाली दुकान के बाहर बैठकर बालिकाओ व महिला पर अश्लील कमेंट करने** वाले **01 मनचला अभियुक्त इनाम पुत्र अकबर निवासी ग्राम समसपुर नौगावा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0स0 228/25 धारा 296 बीएनएस पजीकृत किया गया। अभियुक्त इनाम को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### □♂□ *गिरफ्तार अभियुक्त*

*इनाम पुत्र अकबर निवासी ग्राम समसपुर नौगावा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर*

### □♀□ *गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-*

- *म0उ0नि0 दीक्षा— थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *म0का0 **1668 सविता** — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *मका0 941 चांदनी शर्मा — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः **21-10-2025**

***महिला सुरक्षा के दृष्टिगत "मिशन शक्ति फेज 5.0" के अंतर्गत थाना गंगोह मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही — महिलाओं पर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले युवक को किया गया गिरफ्तार।***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गंगोह श्री पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में  मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाना गंगोह की मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर महिलाओं पर अश्लील फब्तिया कंसने वाला* ***01 मनचला अभियुक्त नाजिम पुत्र नवाब निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर*** *को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना गंगोह पर मुकदमा अपराध संख्या 473/25 धारा 296 बी.एन.एस. के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को धारा 126/135/170 बी.एन.एस.एस में गिरफ्तार कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***▶ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नाम-***

*1. उ0नि0 वर्षा कुशवाहा*

*2. महिला है0का0 1223 बबीता*

**3.** *चालक रक्षित चहल*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*➡️कस्बा चिलकाना व सुल्तानपुर में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक*

*➡️एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला हेड कांस्टेबल ज्योति रानी द्वारा कस्बा चिलकाना एवं कस्बा सुल्तानपुर में मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

* कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियाँ:*
*आने-जाने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।*

*महिलाओं को साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।*

*उन्हें 1930 – साइबर हेल्पलाइन नंबर सहित अन्य महत्वपूर्ण पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।*

*मौके पर सूचनात्मक पंपलेट भी वितरित किए गए, जिससे महिलाएं घर पर जाकर भी जानकारी प्राप्त कर सकें।*

*कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना था, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें और उचित सहायता प्राप्त कर सकें*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 21-10-2025

***□ थाना गागलहेड़ी में मिशन शक्ति 5.0 एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान आयोजित***

***➡□महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत, थाना गागलहेड़ी की एंटी रोमियो टीम द्वारा आज एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।***

□ ***अभियान स्थल: कस्बा गागलहेड़ी, बस स्टैंड, भगवानपुर तिराहा***

□ ***अभियान की मुख्य गतिविधियां:****

***महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया:***

- *डिजिटल एरेस्टिंग से संबंधित फैलाई जा रही झूठी अफवाहों की सच्चाई बताई गई।*
- *साइबर फ्रॉड, फेक कॉल्स, फ्रॉड लिंक्स आदि से बचाव के उपाय बताए गए।*
- *महिला सशक्तिकरण से जुड़े अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण की जानकारी दी गई।*
- *नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं व अभिभावकों को जागरूक किया गया।*
- *सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई:*
- *मुख्यमंत्री सुमंगला योजना*
- *विधवा पेंशन योजना*
- *बाल कल्याण योजनाएं*
- *बाल मजदूरी न करने की अपील*
- *गुड टच और बैड टच की अवधारणा को सरल भाषा में समझाया गया।*

***महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर बताए गए:***

| *सेवा* | *नंबर* |
|---|---|
| *महिला हेल्पलाइन (वूमेन पावर)* | *1090* |
| *मुख्यमंत्री हेल्पलाइन* | *1076* |
| *साइबर क्राइम हेल्पलाइन* | *1930* |
| *चाइल्ड हेल्पलाइन* | *1098* |
| *एंबुलेंस सेवा* | *108* |
| *पुलिस आपातकालीन सेवा* | *112* |

***जनसामान्य से संवाद:***

*मौके पर मौजूद महिलाओं से उनकी समस्याएं पूछी गईं।*
*उपस्थित पुरुषों और युवाओं को भी महिला सुरक्षा के प्रति सजग किया गया।*
*संदेहास्पद व्यक्तियों से पूछताछ कर आवश्यक चेतावनी दी गई।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: **21-10-2025**

***□ साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण अभियान***
***थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर | मिशन शक्ति फेज़ 5.0***

***➡□उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज़ 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना देवबंद में मिशन शक्ति टीम द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

***□ कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियाँ:***

***□ साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की गई, जिसमें निम्न मुद्दों पर फोकस किया गया:***
***फ्रॉड कॉल, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, सोशल मीडिया फ्रॉड, साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी।***

***□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई:***

***☎ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन, ☎ 1090 – वूमेन पावर लाइन, ☎ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा, ☎ 108 – एम्बुलेंस सेवा, ☎ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन***

***□□ महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार, सरकारी योजनाओं (जैसे: विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं) के बारे में विस्तार से बताया गया।***
***□ टीम द्वारा स्थानीय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं से संवाद किया गया, उनकी समस्याएं सुनी गई और समाधान हेतु उचित सलाह दी गई।***

***□ पंपलेट वितरण कर साइबर सुरक्षा एवं महिला सहायता हेतु चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।***

दिनांक: 21-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# *□ महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता की दिशा में सार्थक प्रयास*

*□ मिशन शक्ति अभियान फेज़ 5.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान*

□ थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर

* ➡□उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज़ 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना नकुड़ की एंटी रोमियो / मिशन शक्ति टीम द्वारा एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।*

* ➡□महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा एवं महिला उपनिरीक्षक सिमरन कमलेश के नेतृत्व में टीम ने थाना क्षेत्र के मेन बाजार, जनक बाजार, टाबर रोड, सरसावा रोड, एवं बस स्टैंड पर जाकर महिलाओं, किशोरियों एवं स्थानीय नागरिकों को महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।*

*□ जागरूकता अभियान की मुख्य बिंदु:*

डिजिटल एरेस्टिंग, साइबर ठगी, फ्रॉड कॉल, सोशल मीडिया अपराध व फर्जी लिंक जैसे खतरों से बचाव की जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर संवाद किया गया।

बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, बाल मजदूरी रोकथाम एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

सरकारी जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल सुरक्षा योजनाएं आदि की जानकारी दी गई।

उपस्थित नागरिकों को नीचे दिए गए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर बताकर उनसे इनका उपयोग करने की अपील की गई:

□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

□ 1930 – साइबर क्राइम रिपोर्टिंग

□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

□ 108 – एंबुलेंस सेवा

*□ पंपलेट वितरित किए गए तथा लोगों को जागरूक करने हेतु व्यक्तिगत रूप से संवाद किया गया। महिलाओं की समस्याएं भी सुनी गई व उनके समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।*

दिनांक: 21-10-2025

-प्रेस नोट-

# *□ साइबर सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण को समर्पित अभियान*

*➡□थाना कुतुबशेर द्वारा मिशन शक्ति फेज़ 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संचालित*

*➡□उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज़ 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना कुतुबशेर की एंटी रोमियो टीम द्वारा आज व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।*

□♀□ अभियान में शामिल अधिकारीगण:

महिला उप निरीक्षक श्रीमती श्वेता शर्मा
उप निरीक्षक सुमन
महिला कांस्टेबल ममता
महिला कांस्टेबल रिंकी
महिला हेड कांस्टेबल कमलेश
महिला कांस्टेबल मीनू

□ प्रमुख स्थान: लेबर कॉलोनी बाजार, शारदा नगर बाजार, मानक मऊ बस अड्डा, अन्य सार्वजनिक स्थल

□ साइबर जागरूकता के मुख्य बिंदु:
डिजिटल एरेस्टिंग से जुड़ी अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह, साइबर फ्रॉड, फेक कॉल, अनचाहे लिंक, OTP शेयरिंग से जुड़े खतरे, सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार एवं गोपनीयता बनाए रखने के उपाय, ऑनलाइन ठगी से बचाव हेतु व्यवहारिक सुझाव

□□ महिला सशक्तिकरण व अन्य जानकारियाँ:
गुड टच-बैड टच की पहचान, बाल श्रम से बचाव व रिपोर्टिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी:, विधवा पेंशन योजना. सुमंगला योजना, बाल सुरक्षा योजना आदि

☎□ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:
सेवा हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर क्राइम 1930, एंबुलेंस सेवा-108
पुलिस आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

# *🙋‍♀️ महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान*

*➡️थाना सदर बाजार, सहारनपुर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया*

*उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अवसर पर, थाना सदर बाजार की एंटी रोमियो टीम द्वारा रेलवे स्टेशन व आस-पास के प्रमुख बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, साइबर अपराधों से बचाव, एवं सरकारी सहायता सेवाओं के विषय में जानकारी देना रहा।*

👮‍♀️ टीम में शामिल अधिकारीगण:

महिला उप निरीक्षक चंचल
महिला कांस्टेबल रितु
महिला कांस्टेबल रुचि
महिला कांस्टेबल ज्योति
पीआरडी राखी
चालक हेड कांस्टेबल जितेंद्र चौहान

📌 प्रमुख गतिविधियाँ:

रेलवे स्टेशन व भीड़भाड़ वाले बाजारों में महिलाओं व बालिकाओं को रोककर संवाद किया गया
उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा व सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई
पंपलेट वितरित किए गए ताकि वे भविष्य में संदिग्ध घटनाओं पर तुरन्त कार्रवाई कर सकें

☎️ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई:

सेवा हेल्पलाइन नंबर, 1090- वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 108- एंबुलेंस सेवा, 112- पुलिस आपातकालीन सेवा

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*□ महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता हेतु एंटी रोमियो टीम का अभियान*
*थाना रामपुर मनिहारान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम*

*➡□उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत, थाना रामपुर मनिहारान की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम घासौती में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।*

*□♀□ प्रमुख बिंदु:*
□ ग्राम स्तर पर चेकिंग एवं संवाद
□ महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी
□ साइबर अपराध की आधुनिक तकनीकों से बचाव हेतु जागरूकता
□ सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों से संवाद व सतर्कता संदेश

□ दी गई प्रमुख जानकारी:
विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं
गुड टच और बैड टच की पहचान और रोकथाम
बाल मजदूरी निषेध व कानूनी अधिकारों की जानकारी
डिजिटल अरेस्ट, फ्रॉड कॉल, फिशिंग लिंक, साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी

☎□ हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई:
सेवा हेल्पलाइन नंबर
1090 वूमेन पावर लाइन
1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1098 चाइल्ड हेल्पलाइन
1930 साइबर हेल्पलाइन
108 एंबुलेंस सेवा
112 पुलिस आपातकालीन सेवा

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांकः 21-10-2025

*_▶️महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज 5.0) व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना जनकपुरी क्षेत्र में मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।_*

इस अभियान के तहत उप निरीक्षक मोनिका यादव, हेड कांस्टेबल बबीता मान, महिला हेड कांस्टेबल विमलेश एवं पीआरडी स्वाति द्वारा तकिया जानकनगर, SBD चौराहा, देहरादून चौक, सपना पुल, खानआलमपुरा, बाजोरिया रोड एवं मंदिर थाना जनकपुरी क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारियों के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराध, एवं महिला अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया।

_*इस दौरान साइबर फ्रॉड एवं ऑनलाइन अपराधों के प्रति सचेत रहने हेतु विशेष रूप से जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया —*_

☐ 1090 – वूमेन पावर लाइन
☐ 1930 – साइबर हेल्पलाइन
☐ 108 – एंबुलेंस सेवा
☐ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

*▶️मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा पंपलेट वितरित किए गए, लड़कियों एवं महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर बाजोरिया रोड क्षेत्र में पैदल गश्त भी की गई।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 21-10-2025

*□□ महिला सशक्तिकरण व साइबर जागरूकता हेतु मिशन शक्ति अभियान*
ग्राम कैलाशपुर में महिला थाना चौकी गागलहेड़ी द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक

*उत्तर प्रदेश शासन के महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत आज चौकी प्रभारी श्रीमती मोनिका यादव सिंह ( चौकी गागलहेड़ी महिला थाना), हेड कांस्टेबल मनोज कुमार व महिला आरक्षी अंशु देवी द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*□ प्रमुख उद्देश्य:*

महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करना

बालिकाओं व अभिभावकों को साइबर अपराध एवं गुड टच/बैड टच की समझ देना

□ दी गई जानकारी:
□ सरकारी योजनाएं:
विधवा पेंशन योजना
वृद्धावस्था पेंशन
मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
बाल कल्याण योजनाएं
बाल श्रम निषेध और शिक्षा पर बल

*□ साइबर अपराध से बचाव:*

डिजिटल अरेस्ट की अफवाहों पर स्पष्टीकरण
फ्रॉड कॉल, फेक लिंक व सोशल मीडिया फ्रॉड की जानकारी

☎□ हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:
सेवा हेल्पलाइन नंबर
1090 वूमेन पावर लाइन

*1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन*
*1098 चाइल्ड हेल्पलाइन*
*1930 साइबर हेल्पलाइन*
*108 एंबुलेंस सेवा*
*112 पुलिस आपातकालीन सेवा*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*_□□□ महिला सशक्तिकरण फेज 5.0 के तहत कोतवाली नगर, सहारनपुर में "परिवार परामर्श केंद्र एवं शिशु गृह" का शुभारंभ □□_*

*_ ➡□सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक और सराहनीय पहल —_*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में चल रहे महिला सशक्तिकरण फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.10.2025 को थाना कोतवाली नगर सहारनपुर परिसर में "परिवार परामर्श केंद्र एवं शिशु गृह" का भव्य उद्घाटन किया गया।

*_□ कार्यक्रम का शुभारंभ_*
कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम श्री मुनेश चंद एवं महिला सशक्तिकरण फेज 5.0 टीम प्रभारी म0उ0नि0 अंजू सिंह के करकमलों द्वारा किया गया।
इस अवसर पर थाना प्रभारी नेमचंद, महिला परामर्श केंद्र की अधिकारीगण एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

*_□□□ संवेदनशीलता और अपनापन का संदेश_*
उद्घाटन समारोह में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम महोदय ने बच्चों से आत्मीय वार्ता करते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया।
साथ ही बच्चों को चिप्स, बिस्किट, टॉफ़ी, नमकीन पैकेट एवं खिलौने वितरित किए गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान झलक उठी। □

*_□ कार्यक्रम का उद्देश्य_*
*_"परिवार परामर्श केंद्र एवं शिशु गृह" की स्थापना का मुख्य उद्देश्य —_*
□ पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान,
□ महिलाओं को सामाजिक, मानसिक व कानूनी सहयोग प्रदान करना,
□ तथा ज़रूरतमंद बच्चों को सुरक्षित व स्नेहमयी वातावरण देना है।

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*□ साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता एवं मिशन शक्ति अभियान*
थाना तीतरों पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

* ➡□उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत आज थाना तीतरों क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*यह अभियान श्रीमान पुलिस अधीक्षक यातायात महोदय एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक देहात महोदय के कुशल मार्गदर्शन व निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार (प्रभारी थाना तीतरों) के नेतृत्व में चलाया गया।*

□♀□ सहभागी अधिकारीगण:

उपनिरीक्षक अवनि उपाध्याय – एंटी रोमियो प्रभारी
कांस्टेबल दिव्यांशु, हेड कांस्टेबल सचिन लकड़ा, कांस्टेबल शुभम सिरोही

*□ अभियान का उद्देश्य:*

* ➡□मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना*
साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम हेतु आमजन को जानकारी देना
लोगों को सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक कर त्वरित सहायता उपलब्ध कराना

□ दी गई जानकारी:

साइबर अपराध क्या है और कैसे बचें:
□ फेक कॉल्स
□ फ्रॉड लिंक
□ सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग
□ डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी अफवाहें

*मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत:*

- *महिलाओं के अधिकार*
- *बालिकाओं की सुरक्षा*
- *सरकारी योजनाएं व जागरूकता*

☎ *हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:*

| सेवा | हेल्पलाइन नंबर |
|---|---|
| साइबर अपराध | 1930 |
| वूमेन पावर लाइन | 1090 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| पुलिस आपातकालीन सेवा | 112 |

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*□ साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं मिशन शक्ति अभियान*

*□♀□ थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम घसौती में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*

* ➡□उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे "महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0" एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत आज थाना रामपुर मनिहारान की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम घसौती में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।*

□ अभियान के उद्देश्य:

□ महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु प्रेरित करना।
□ साइबर अपराधों से जुड़ी नई चुनौतियों से बचाव हेतु आमजन को सजग करना।
□ जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करना।

□□ जागरूकता के मुख्य विषय:
महिला सशक्तिकरण योजनाएं:
विधवा पेंशन योजना
मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
बाल कल्याण योजनाएं
बाल श्रम निषेध अभियान

गुड टच-बैड टच के विषय में बालिकाओं को संवेदनशील जानकारी
साइबर अपराध एवं सुरक्षा उपाय:
डिजिटल अरेस्ट जैसी झूठी अफवाहों से बचाव
फ्रॉड कॉल्स, अनचाहे लिंक, व ओटीपी शेयरिंग से सावधानी
साइबर फ्रॉड की पहचान और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया
सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:

सेवा हेल्पलाइन नंबर
□ साइबर अपराध 1930

- ♀ *वूमेन पावर लाइन 1090*
- *मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076*
- *चाइल्ड हेल्पलाइन 1098*
- *एंबुलेंस सेवा 108*
- *पुलिस आपातकालीन सेवा 112*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 21-10-2025

_*□ मिशन शक्ति फेज 5.0 व □ राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर की मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा कस्बा छुटमलपुर मार्केट में पैदल गश्त कर महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक। □♀□□*_

महिला आरक्षी प्रीति, महिला पीआरडी संगीता व उप निरीक्षक श्री मकसूर अली द्वारा
□ गुड टच-बैड टच
□ बाल मजदूरी निषेध
□ विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं
□ साइबर अपराध व ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

□ नागरिकों को जागरूक किया गया कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत संपर्क करें –

➡□ 1090 – महिला पावर लाइन

➡□ 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

➡□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

➡□ 1930 – साइबर क्राइम हेल्पलाइन

➡□ 108 – एंबुलेंस सेवा

➡□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

दिनांक: 21-10-2025

-प्रेस नोट-

*➡□थाना सदर बाजार में एंटी रोमियो टीम और साइबर सेल द्वारा संयुक्त जागरूकता अभियान*

*➡□थाना सदर बाजार क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम एवं साइबर सेल की संयुक्त पहल पर महिलाओं और छात्राओं के बीच सुरक्षा और साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*➡□अभियान के दौरान टीम द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई:*

□ महिला हेल्पलाइन – 1090
□ आपातकालीन नंबर – 112
□ साइबर हेल्पलाइन – 1930

*➡□टीम ने छात्राओं और महिलाओं को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जैसे कि सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाना, मैसेज के माध्यम से धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी आदि।इनसे बचने के लिए सतर्क रहना और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करना आवश्यक है।*

*➡□इसके अलावा, एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वास से जीवन जीने और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में 1090 या 112 नंबर पर तुरंत संपर्क करने का संदेश दिया।*

*अंत में पुलिस टीम ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की जानकारी पुलिस को तुरंत दें और जागरूक नागरिक बनने में योगदान करें।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*_□□♂□ जनपद सहारनपुर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान — अपराध पर प्रभावी अंकुश हेतु सीमाएं सील कर की गई सघन चेकिंग □ _*

*_➡□ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ नाकाबंदी एवं चेकिंग कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।_*

*_➡□आज दिनांक 21.10.2025 को समय 14:00 बजे से 15:00 बजे तक जनपद भर में इस अभियान के अंतर्गत —नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा अन्तर्जनपदीय/अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई।_*

*_□ अभियान की प्रमुख विशेषताएँ :_*
* जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई।
* संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया।
* सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई।
* थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।
* अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय एवं जनता में विश्वास उत्पन्न करना रहा।

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 21-10-2025

*➡️थाना बड़गांव, सहारनपुर में "मिशन शक्ति" के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक*

*➡️थाना बड़गांव अंतर्गत एंटी रोमियो टीम द्वारा आज "मिशन शक्ति" अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के विषय में जागरूक किया गया।*

*➡️इस अभियान में हैड कांस्टेबल मीनू, महिला आरक्षी संगीता, महिला आरक्षी प्रीति, एवं हैड कांस्टेबल मोहम्मद आबिद शामिल रहे। टीम ने डलहेड़ी रोड, रामपुर तिराहा, देवबंद बड़गांव अड्डा, सहारनपुर रोड तथा मुख्य बाजार बड़गांव में भ्रमण कर बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं और किशोरियों से संवाद किया।*

मुख्य बिंदु:

*डिजिटल एवेयरनेस और साइबर सुरक्षा:*

*➡️बालिकाओं को साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि अनजान लिंक, फर्जी कॉल या सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि से सावधान रहें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।*

